हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025

तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 17 डिग्री




### महापौर के लिए 8 व पार्षद पद के 116 प्रत्याशियों के लिए हुई वोटिंग, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को प्रशासन ने दी सुविधा

# शहर में सरकार बनाने मतदाताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी में सरकार बनाने शहर के सभी 40 वार्डों के मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोटिंग की। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। इस दौरान मतदान केन्द्रों में युवा, बुजुर्ग, महिला मतदाताओं की लंबी कतार रही। प्रशासन ने इस बार भी वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। मतदान स्थल तक लाने ले जाने के लिए व्हीलचेयर एवं वालंटियर की व्यवस्था की थी। पीने के लिए साफ पानी व छांव के लिए टेंट की व्यवस्था थी।

मतदान केन्द्रों से 100 मीटर की दूरी पर महापौर, पार्षद प्रत्याशियों के चुनावी स्टॉल लगाए गए थे, जहां वोटर लिस्ट के वितरण के साथ बैठने के लिए कुर्सी व गरमागरम नाश्ते की व्यवस्था थी। शहर में कुछ वार्डों में विवाद की स्थिति रही। बाकी जगहों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से निपटा।

विदित हो कि निगम में महापौर के लिए 8 प्रत्याशी व पार्षद पद के लिए सभी 40 वार्डों में 116 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिए शहर में 83 केन्द्र बनाए गए थे। जिसे 8 सेक्टर में विभाजित किया गया था। सभी सेक्टर के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम बनाई गई थी। टीम ने केन्द्रों का निरीक्षण किया। सुबह 8 बजे मतदान शुरू होने से पहले प्रत्याशियों के एजेंटों की मौजूदगी में प्रक्रिया पूरी की गई। तत्पश्चात मतदान की शुरूआत हुई। कुछ केन्द्रों में मशीन खराब होने की सूचना पर नई मशीन लाई गई, जिसके कारण मतदान विलंब से प्रारंभ हुआ। सभी मतदान केन्द्रों में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई थी। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।



















### कुछ वार्डों में विवाद की स्थिति



शहर के आधा दर्जन मतदान केन्द्रों में विवाद की स्थिति रही। कुछ जगहों पर पैसा बांटने का आरोप लगा। आमापारा, मंगल भवन, पुत्री शाला, नपा स्कूल, सिहावा चौक, रिसाईपारा वार्ड, डाकबंगला वार्ड में झड़प होने की शिकायत मिली। नपा स्कूल के पास एक निर्दलीय प्रत्याशी के पुत्र पर युवती से बदसलूकी का आरोप लगा। इस दौरान काफी हंगामा हुआ। प्रत्याशी पुत्र का आरोप है कि युवती बार-बार महिलाओं को केन्द्र के बाहर लाने जा रही थी। साथ ही स्वयं को भाजपा की कार्यकर्ता बता रही थी। पुत्री शाला के पास दो समर्थकों के बीच झड़प हो गई। मंगल भवन में भी हंगामा हुआ। कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर हंगामेबाजों को बाहर खदेड़ा। एक प्रत्याशी को भी बाहर जाने को कहा। सिहावा चौक में समर्थकों के बीच काफी विवाद हुआ। शहर के दर्जन भर वार्ड में माहौल गर्म रहा। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों एवं पुलिस विभाग ने मामला शांत कराया। डाकबंगला वार्ड में एक पार्षद प्रत्याशी पर 500 रूपये के नोट बांटने का आरोप लगा जिसका वीडियो वायरल हुआ। आरोप के बाद काफी देर तक हंगामा हुआ।

### पार्षद प्रत्याशी मतदान केन्द्रों में डटे रहे

वार्ड पार्षद प्रत्याशी मतदान होते तक केन्द्रों में डटे रहे। उनके साथ समर्थकों ने भी मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। सभी मतदाताओं से हाथ जोड़कर अभिवादन किया। कुछ समर्थक प्रत्याशी को एडवांस में जीत की बधाई देते रहे। मतदान तक सभी प्रत्याशी काफी उत्साहित नजए आए। इधर उनके समर्थक मतदाताओं के लिए बाइक, स्कूटी, ऑटो, ई-रिक्शा, कार की व्यवस्था की थी।

### शराब वितरण का वीडियो वायरल

मतदान की पूर्व रात्रि प्रत्याशियों ने शराब, पैसा, साड़ी, भोजन आदि की व्यवस्था कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। रातभर वार्डों में रतजगा किया। एक वार्ड में शराब बांटे जाने का वीडियो वायरल हुआ जो दिनभर शहर में चर्चा का विषय रहा।

### प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

निगम चुनाव सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। 5 बजते ही मेन गेट पर ताला लगा दिया गया। अंदर रह गए मतदाताओं ने बारी-बारी से मतदान किया। सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मशीनों को पीजी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया। मतगणना 15 फरवरी को होगी। परिणाम शाम तक आ जाएगा।

### धमतरी निगम क्षेत्र में हुआ 70 प्रतिशत मतदान


नगर पालिक निगम धमतरी में महापौर पार्षद पद के लिए शाम 5 बजे तक 70.69 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ। 9 घंटे के मतदान में 70 प्रतिशत शहरी जनता ने मताधिकार का प्रयोग किया जो जिले के अन्य नगर पंचायत चुनावों के मुकाबले सबसे कम है। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी में 70.69 प्रतिशत, आमदी में 89,47, कुरूद में 82.66, भखारा 92.63, मगरलोड में 89.43, नगरी में 83.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान भखारा में हुआ। पूरे जिले का प्रतिशत 76.10 रहा।

### जब दूसरे वार्ड के प्रत्याशी को देना पड़ा वोट

■ मतदाता सूची में अनेक गड़बड़ी, भटकते रहे वोटर


नगर निगम की मतदाता सूची में कई तकनीकी गड़बड़ियां देखने को मिली है। अनेक वोटर अपने वार्ड की मतदाता सूची में नाम ढूंढते रहे लेकिन उनका नाम दूसरे वार्ड की मतदाता सूची में पाया गया। कई मतदाताओं का नाम सूची में दो बार छपा हुआ मिला है। सुभाषनगर वार्ड निवासी पारस साहेब पिता अनमोल साहेब ने बताया कि वह सुभाष नगर वार्ड का निवासी है। उनके पिता, माता, बहन का नाम सुभाष नगर में है। वह अपने नाम को मतदाता सूची में आनलाइन जुड़वाया था। सुभाष नगर वार्ड की मतदाता सूची को घंटों तलाशने के बाद भी नाम नहीं मिला। उसने मतदाता परिचय पत्र के इपिक नंबर को सर्च किया तो उसका नाम विवेकानंद वार्ड की मतदाता सूची में मिला। दिनेश साहू, सरोजनी साहू बताती हैं कि उसने लोकसभा और विधानसभा में मतदान किया था। वे सुभाष नगर वार्ड के निवासी हैं। काफी तलाश करने के बाद पता चला कि उनका नाम शीतलापारा वार्ड में आया है। शीतलापारा निवासी भागीरथी ध्रुव ने बताया कि मतदाता सूची में कई नाम ऐसे हैं जिसे सूची में दो-दो बार दर्ज किया गया है। वहीं मृत व्यक्तियों का नाम भी नहीं काटा गया है। यह गड़बड़ी निगम के अधिकतर वार्डों में देखी गई है।

### मतदान की झलकियां





















### गांव-गांव में प्रत्याशियों का बैनर पोस्टर हुआ चस्पा

# पंचायती राज के लिए कवायद तेज

**धमतरी।** शहरी सत्ता के लिए मतदान होने के बाद पंचायती राज के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। गांव-गांव में सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रत्याशियों का बैनर पोस्टर चस्पा होने लगा है। पंचायती राज के लिए जिले में तीन चरणों में चुनाव होगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान 17 फरवरी को होगा। मतदान में महज पांच दिन शेष है। दूसरे और तीसरे चरण का मतदान 20 तथा 23 फरवरी को होगा। पंचायत चुनाव में 5242 पंच, 367 सरपंच, 98 जनपद सदस्य तथा 13 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान होगा। मतदान बैलेट पेपर से होगा। पंच प्रत्याशी के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का बैलेट पेपर रहेगा। पंच पद के लिए चुनाव चिन्ह सीढ़ी, फावड़ा, बाल्टी, हल, कुल्हाड़ी, बिजली का स्वीच आदि है। सरपंच पद के लिए चश्मा, कांच का गिलास, फलों सहित नारियल का पेड़, हस्तचलित पंप, ताला और चाबी, अनाज बरसाता किसान आदि हैं। जनपद सदस्य के लिए ब्लेक बोर्ड, बरगद का पेड़, झोपड़ी, टैक्टर चलाता किसान, तराजू तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए दो पत्ती, उगता सूरज, पतंग छाता आदि चुनाव चिन्ह के माध्यम से मतदान होगा।

### 5 लाख से अधिक मतदाता 958 बूथ बनेंगे

जिले की 367 ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 958 बूथ होंगे। धमतरी ब्लाक में 248, नगरी में 244, मगरलोड में 163 तथा कुरूद ब्लाक में 303 मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। धमतरी ब्लाक में 147674, कुरूद में 163433, नगरी में 127431, मगरलोड में 91467 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें


मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

जन्मदिन उत्सव

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति श्री रामकुमार शर्मा पंचभौतिक शरीर को त्यागकर गौलोक धाम के यात्रा में 05.02.2025 बुधवार को चले गए। अतः इस दुखद प्रसंग में उपस्थित होकर ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।

स्व.पं. रामकुमार शर्मा

दशगात्र कार्यक्रम : 14.02.2025, शुक्रवार

तालाब कार्यक्रम : दोपहर 1 बजे

तेरहवी गंगा प्रसादी (श्रद्धांजलि सभा) : 17.02.2025, सोमवार

स्थान : ग्राम कोड़ापार (कुरूद) जिला-धमतरी (छ.ग.)


शोकाकुल - मोहन तिवारी, बबला तिवारी, धुरंधर तिवारी, तुलसी, महेश, शुभम, सूरज, शास्वत एवं समस्त शोकाकुल परिवार

विनीत श्रीमती चंपादेवी शर्मा (पत्नी), डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्र), पं. ज्ञानेश्वर शर्मा (भाई)

मो. : +91 79996 11573

जिस किसी स्नेहीजन को शोक पत्र न मिला हो वे इसे ही आमंत्रण समझें।

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में



अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 10वीं बार

माँ कामाख्या के परम भक्त

पं. कुण्डलिक शास्त्री जी



आपके शहर धमतरी में

जनता की मांग पर 5 दिन के लिए : 5 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक

मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।

बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले

(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)

पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050

फीस 205/-

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-

स्पेशल ट्रेन

09 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025

गंगा सागर यात्रा

गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी


ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:- 7354-411411

TVS



SCOOTER HOUSE

आवश्यकता है

TVS MOTOR COMPANY के Authorized Showroom में एक्सपर्ट स्टॉफ की (Male/Female)

| Vacant | No. Of Post | Qualification |
| --- | --- | --- |
| Tele Calling | 02 Post | Graduation |
| Spares Incharge | 02 Post | Graduation |
| Salesman | 04 Post | Graduation |
| Work Shop Supervisor | 02 Post | Graduation |

FOR ENQUIRY CONTACT

• Contact Time: 11am to 5pm

• Experience Person को प्राथमिकता दी जायेगी

**खबर संक्षेप**


## आमदी कालेज में प्रायोगिक परीक्षा 14 से

**आमदी (धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्राणीशास्त्र बीएससी द्वितीय वर्ष एवं बीएससी अंतिम वर्ष की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 फरवरी को प्रातः 8 बजे से आयोजित होगी। वनस्पतिशास्त्र बीएससी द्वितीय वर्ष एवं बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा 18 फरवरी को प्रातः 8 बजे से आयोजित होगी। सभी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक फाइल एवं प्रवेश कार्ड के साथ उक्त तिथि को परीक्षा आरंभ होने के आधा घंटा पूर्व उपस्थित होने कहा गया है।

## चटौद में कबीर सत्संग 13 से

**जीजामगांव।** कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चटौद में कबीर सत्संग का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को किया गया है। मुख्य प्रवक्ता संत निष्ठा साहेब बाराबंकी उत्तरप्रदेश होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तथा दोपहर 3 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। आयोजन की तैयारी में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

## आम के पेड़ों में आए बौर



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल सहित पूरे अंचल में माघ की महीना एवं बसंत ऋतु के आगमन पर आम के पेड़ों में आम का बौर आ गए हैं। बौर आने से बसंत ऋतु का सुहाना मौसम व फूलों की सुगंध एवं मनमोहक सुंदरता से आनंदित करने लगा है। आम के पेड़ में बौर अधिक मात्रा में आने से देखकर ऐसा लगता है कि इस बार फसल अच्छी होगी।

**निधन**

### कांतराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी कांतराम साहू उम्र 85 वर्ष का 9 फरवरी को निधन हो गया। वे नरेन्द्र साहू के पिता, धर्मेन्द्र साहू के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक जन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।


गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336


समय के साथ बढ़ रही इस धाम की महिमा, मेला का आनंद लेने दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

# सिलौटी के अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में आज लगेगा मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में भी प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा पर मेला का आयोजन होता है। इसकी लोकप्रियता और महत्ता समय के साथ बढ़ रही है। श्रद्धालुजन एवं क्षेत्रवासी मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद व मेला का आनंद लेने पहुंचते हैं।

जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से 30 किमी दूर दुर्ग और बालोद जिले को विभाजित करने वाली पवित्र नदी खारुन के तट पर बसे सिलौटी गांव में अन्नपूर्णा



कोदोरास का धाम है। सन 1993 से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के परस्पर सहयोग से यहां माघ पूर्णिमा का मेला भव्यता के साथ आयोजित होता है।

### अन्नपूर्णा की हुई कृपा, कोदो के ढेर से बन गया कोदोरास

इस बीच एक आश्चर्यजनक घटना हुई। किसान जब कोदो को काठा से नापने लगा, नापते गया नापते तक गया लेकिन कोदो खत्म नहीं हुआ तो वह थक हारकर परेशान हो गया। तब किसान गुस्से से कोदो को वहीं खलिहान में छोड़कर और काठा को लात मारकर चला गया। अगले दिन जो कोदो अनाज का ढेर था वह उसी स्थान पर पत्थर बन गया था और लात मारने से काठा भी लगभग वहां से 500 मीटर दूर छिटककर पत्थर बन गया था। तब किसान संग ग्रामीणों को मां अन्नपूर्णा की महिमा का पता चला।

### बाबा गोरखनाथ के प्रयास से बना मंदिर, अब लगता है भव्य मेला

सन 1990-91 में गोरखपुर से ब्रम्हचारी बाबा गोरखनाथ कोदोरास की पूजा करते निवास करने लगे और उन्होंने आसपास गांव से भिक्षा प्राप्त कर श्री हरि विष्णु और मां अन्नपूर्णा लक्ष्मीजी का मंदिर निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा करवाई तब से प्रति वर्ष यहां माघ पूर्णिमा पर मेला लगने लगा। इस दिन लोग अलसुबह उठकर खारून नदी के जल से स्नान कर भगवान के दर्शन करते हैं एवं मनोकामना ज्योत जलाते हैं।

### अन्नपूर्णा धाम कोदोरास के पीछे का क्या है रहस्य

बताया जाता है कि वर्षों पहले यह गांव प्राकृतिक प्रकोप सूखा-अकाल की चपेट में था। जब लोग भूख और गरीबी का दंश झेल रहे थे तब एक दिन गांव के ही एक किसान को माता अन्नपूर्णा ने दर्शन दिए और उन्हें सुखी और समृद्ध होने का आशीर्वाद के रूप में अन्न का बीज दिया। माता के दर्शन देने के बाद इस गांव में अच्छी बारिश हुई तब उस किसान ने परिवार संग मिलकर खेती की और माता द्वारा आशीर्वाद प्राप्त बीज को बोया जिसे कोदो अनाज के रूप में पहचान की गई। जब फसल पूर्णतः तैयार हुई तो उसने फसल की कटाई की और भरपूर मात्रा में कोदो उपज प्राप्त की। किसान ने कोदो फसल का भंडारण किया जिनको रास कहा जाता है। कोदोरास को देखकर वह बहुत खुश हुआ और नापने के लिए एक लकड़ी का काठा लिया।

### मंदिरों के निर्माण के बाद बढ़ गया मेला का स्वरूप

यहां पर भगवान जगन्नाथ, हनुमान जी, शनिदेव, माता शीतला, कर्मा माता श्री कृष्ण, राम, बूढ़ा देव और दुर्गा माता के मंदिर का निर्माण विभिन्न समाजों व दानदाताओं एवं शासन-प्रशासन से होने के बाद मेले की भव्यता बढ़ी है। इस वर्ष भी मंदिर की विशेष सफाई व्यवस्था के साथ ही उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बाहर से आए दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान सजा लिए हैं। दुकानों के साथ मनोरंजन भी आकर्षण का केंद्र होता है। मेले में तरह-तरह की दुकानों के साथ चाट-पकौड़ी, लकड़ी के सामान, महिलाओं के सौंदर्य का सामान, किताबें व प्रसाद की दुकानें लग गई हैं। बच्चों के लिए बड़ा झूला, रेल झूला लगाया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए कारी बदरिया गुरुर का कार्यक्रम होगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## शादी कार्यक्रम में सरपंच से मारपीट




**धमतरी।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने परिवार के साथ गए डोमा सरपंच पर पिता-पुत्र द्वारा हमला कर मारपीट करने का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम डोमा में 9 फरवरी की रात्रि तुलाराम साहू के पुत्र दुर्गेश साहू के शादी का कार्यक्रम दिव्यांशी हार्डवेयर के पीछे चल रहा था। रात्रि में गांव का सरपंच लक्ष्मीनारायण बंजारे पिता पतिराम उम्र 57 वर्ष अपनी पत्नी शकुंतला बंजारे, भतीजी दीक्षा, दामाद प्रताप, भतीजी रश्मि, पुत्र अनुराग एवं पुत्री सृष्टि बंजारे के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। उसी शादी कार्यक्रम में यशवंत साहू व उसके पिता जगन्नाथ साहू भी आए थे। शादी में सरपंच लक्ष्मीनारायण बंजारे को देख दोनों पिता-पुत्र ने तुम लोगों को शादी में कौन बुलाया है, कहकर गाली-गलौज शुरू कर दी। सरपंच द्वारा मना करने पर यशवंत व जगन्नाथ ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी।यशवंत ने खाना खाने की फाइबर प्लेट को सरपंच के सिर में मार दिया। हमले में सरपंच के सिर से खून निकलने लगा। घटना के दूसरे दिन सोमवार को पीड़ित सरपंच ने भखारा थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी यशवंत साहू व जगन्नाथ साहू ग्राम डोमा थाना भखारा निवासी के खिलाफ धारा 215-2, 296, 3-5, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

मृतक 42 दिन पहले निकला था घर से

## मारदापोटी के जंगल में मिली युवक की सड़ी-गली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक युवक 42 दिन पहले घर से निकला था जिसकी सड़ी-गली लाश जंगल में फंदे पर लटकी मिली है। केरेगांव पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मारदापोटी निवासी देवेन्द्र नेताम पिता चन्द्रकांत उम्र 30 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। युवक का किसी मामले में गवाह होने पर उसके नाम से वारंट जारी हुआ था जिसकी सूचना बीते दिसंबर माह में फोन पर युवक को दी गई थी। उसके बाद युवक घर में धमतरी जाने की बात कहकर 30 दिसंबर को घर से निकला था जो महीने बीत जाने के बाद भी वापस घर नहीं पहुंचा। परिजन युवक के वापस



लौटने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ ग्रामीण सोमवार को महुआ सीजन शुरू होने से पहले जंगल में पेड़ के आसपास के स्थान की साफ-सफाई करने गए थे। इसी दौरान मारदापोटी के कुर्सी कुआं जंगल कक्ष क्रमांक 54 में कुरू पेड़ पर गमछा के फंदे पर युवक देवेन्द्र की सड़ी-गली लाश देखी। लाश पुरानी हो चुकी थी। जंगली जानवर शव के पैर से लेकर कमर तक के हिस्से को नोच चुके थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना केरेगांव पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

परिजनों का कहना है कि जंगल में जहां पर लाश मिली है उस तरफ बहुत कम लोगों को आना-जाना रहता है जिसके कारण शव की पहले जानकारी नहीं हो पाई। वहीं अनुमान लगाया गया कि युवक 42 दिन पहले घर से निकलने के बाद कहीं चला गया होगा। जहां से वापस लौटकर जंगल में जाकर फांसी लगा ली होगी। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## क्रिकेट में महात्मा गांधी वार्ड रहा विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महात्मा गांधी वार्ड में क्रिकेट प्रेमी और वार्डवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहला इनाम 10000, दूसरा इनाम 7000, तीसरा इनाम 3000 रूपये रखा गया था।

प्रतियोगिता में धमतरी के सभी वार्ड और आसपास के गांवों की 32 टीमों ने भाग लिया जिसमें महात्मा गांधी वार्ड विजेता व साल्हेवारपारा उपविजेता रहा। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच धरम सोनकर व

मैन ऑफ दा सीरिज वैभव यादव रहे। प्रतियोगिता में धरम सोनकर, वैभव यादव, टिकेश सोनकर, ओमी यादव, उजालक यादव, हिमांचल निर्मलकर, संजय साहू, तरुण सोनकर, अजय सोनकर, जतिन साहू, शेखर यादव का योगदान रहा।

## कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी की कार दुर्घटनाग्रस्त

- घटनास्थल के समीप एक लाल रंग का बकरा मृत पड़ा मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



नगरी निकाय चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी मंगलवार को हुआ। मतदान की पूर्व रात्रि कयामत की रात थी। मतदान के दिन नगर क्षेत्र में मतदान के लिए मतदाता, प्रत्याशी, अधिकारी कर्मचारी, पुलिस प्रशासन व्यस्त थे। सुबह लगभग 11.45 बजे जानकारी मिला कि नगर क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय मार्ग पर नल जल फिल्टर प्लांट के समीप कार पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। भैंसमुंडी वार्ड क्रमांक 9 की कांग्रेस प्रत्याशी की नीले कलर की बलेनो कार सड़क किनारे पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तेज रफ्तार की वजह से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी निकासी के लिए लगी सीमेंट पाइप से टकराकर पलट गई। टक्कर इतना जबरदस्त थी कि कार के चारों चक्के ऊपर हो गए। दोनों एयर बैग फट गये। दुर्घटनाग्रस्त कार के अंदर भैंसमुंडी वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रत्याशी खिलावनराम साहू की मतदान सामग्री, नकली मतपत्र घोषणा पत्र समेत अन्य फाइल रही। दुर्घटनाग्रस्त कार के समीप एक लाल रंग का बकरा मृत पड़ा हुआ है। कार में कितने लोग थे, कहां जा रहे थे, दुर्घटना में किसे चोट लगी, यह पूर्ण जानकारी नहीं मिली है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड की स्टाफ नर्स ने बताया कि मतदान के दिन 11 फरवरी मंगलवार को दोपहर लगभग 12 बजे दो युवक आए। उसे चोट लगी थी। खून बह रहा था। बताया कि वे मोटरसाइकिल से टकरा गए। उक्त युवकों के साथ लगभग 10 से 15 उनके साथी लोग अस्पताल पहुंचे थे।

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि कार में दो युवक शराब के नशे में थे। मतदान के बाद पार्टी मनाने बकरा साथ में रखकर फार्म हाउस की ओर जा रहे थे। नशे की वजह से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दोनों युवक कार को छोड़कर दबे पांव नगर क्षेत्र में जाकर छिप गया। जानकारी मिलने पर मगरलोड पुलिस घटनास्थल पहुंची। समाचार लिखे जाने तक पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया। दुर्घटना में कार चकनाचूर हो गई। वाहन चालक की स्थिति कैसी है, यह जानकारी नहीं मिली है। वार्ड पार्षद कांग्रेस प्रत्याशी खिलावनराम साहू मतदान के दिन भैंसमुंडी साप्ताहिक बाजार के पास हाईस्कूल में मतदान केंद्र के समीप मतदाता से अभिवादन करने में जुटे हुए थे। पार्षद प्रत्याशी ने बताया कि मेरी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर करेंगे गांवों का विकास

- जिला-जनपद चुनाव को लेकर भाजपा की हुई कार्यशाला, चुनाव जीतने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले तीन जिला पंचायत क्षेत्र के और 25 जनपद पंचायत के भाजपा समर्थित अधिकृत प्रत्याशियों को उनके प्रभारी और चुनाव संचालक के साथ भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। जिला पंचायत के चुनाव प्रभारी डेनिस चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़े, ठीक उसी तरह पंचायती राज चुनाव में भी निष्ठा के साथ काम करते हुए चुनाव जीतने पर बल दिया। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक कर चुनाव जीतने के अनेक उपायों पर चर्चा की।

पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने सरकार द्वारा किए जा रहे अनेक विकास कार्यों को लेकर के आम मतदाताओं के पास पहुंचकर वोट मांगने की बात कही। दयाराम साहू ने घर-घर जाकर मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करने पर जोर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि जिस तरीके से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतकर डबल इंजन की सरकार बनाए ठीक उसी तरह पंचायतीराज चुनाव को जिताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास को शहर से गांव तक ले जाने की बात कही। मंच संचालन जनपद पंचायत चुनाव प्रभारी उमेश साहू एवं आभार व्यक्त जनपद पंचायत चुनाव प्रभारी हेमंत चंद्राकर ने किया। मौके पर कुंजलाल देवांगन, कालीदास सिन्हा, प्रकाश गोलछा, चेतन हिंदूजा, अमन राव, मिश्रीलाल पटेल, मुरारी यदु, दिग्विजय सिंह कृदत्त समेत जनपद पंचायत, जिला पंचायत के सभी प्रत्याशी, उनके प्रभारी उपस्थित थे।

घोषणा के मुताबिक मृत्यु उपरांत उनके परिजनों ने मेडिकल कॉलेज को किया दान

# मरकर भी अमर हो गईं शंकरलाल की आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम कोलियारी निवासी शंकरलाल साहू उम्र 72 वर्ष ने 5 वर्ष पहले जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सूर्यवंशी, सहायक जिला नोडल अधिकारी डॉ. गुरुशरण साहू के मार्गदर्शन में नेत्रदान व देहदान करने की घोषणा की थी। उनकी मृत्यु उपरांत परिवार के सदस्यों ने नेत्र रोग विभाग को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम कोलियारी भखारा पहुंची और नेत्रदान करने की प्रक्रिया को पूर्ण किया। समय रहते ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी व उनकी टीम ने नेत्रदान की गई आखों को सफलतापूर्वक रायपुर मेडिकल



कॉलेज छोड़ा।

ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे ने बताया कि जिले में 50वां नेत्रदान है। उन्होंने जनमानस को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। बताया कि नेत्रदान एक पुनीत कार्य है, जो जनसहयोग से समाज में जागरुकता लाकर ही सम्पन्न किया जा सकता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन लोगों को दृष्टि प्रदान होती है। उन्होंने जनसमुदाय से अपील की कि अगर आपके ग्राम में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु उपरांत उनके परिजन अगर नेत्रदान करना चाहते हैं तो जिले के सभी विकासखंड में ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी व अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्र के नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

मौके पर जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. राजेश सूर्यवंशी, सहायक जिला नोडल अधिकारी गुरुशरण साहू, कुरुद ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी लोमेश कुर्रे, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी चीतेश साहू भखारा, नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी कुमार जानू गुजरा, ओटी टेक्नीशियन प्रकाश, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भारतलाल साहू आरोग्य मंदिर कोलियारी उपस्थित थे।


Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरुर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरुद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
| --- | --- | --- | --- |
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली टोपी | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| झंडा | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| झंडा | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| झंडा | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| झंडा | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| झंडा | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, आंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम पर चुनाव पोस्टर
* फ्लैक्स बेनर * सादा पाम्पलेट * नकली मतपत्र
* फ्लैक्स लोहा फ्रेम * मल्टीकलर पाम्पलेट * नकली मतपत्र कलर
* फ्लैक्स लकड़ी फ्रेम * बिल्ला
* कटाउट * झण्डा
अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, पंच, जनपद, जिला पंचायत
चुनाव प्रचार सामग्री एक ही छत के नीचे प्राप्त करें
संजय आर्ट्स
सिहावा रोड फारेस्ट ऑफिस के सामने, सी मार्ट के बाजू, धमतरी
सिहावा चौक डागा धर्मशाला के सामने, धमतरी
Mo.9685548560, 9685928560
9827111438, 7000909964

कुल 82.58 प्रतिशत हुआ मतदान, मतदाताओं में दिखा जबर्दस्त उत्साह

# नगर पंचायत नगरी में अध्यक्ष एवं 15 वार्ड पार्षद पद के लिए हुआ मतदान



बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं ने किया मतदान


विभिन्न राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी में अध्यक्ष और 15 वार्ड पार्षद पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में हुआ। नगर की जनता ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन किया। प्रशासन और चुनाव आयोग के कुशल प्रबंधन से मतदान केंद्रों पर सुव्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे मतदान सुचारु रूप से संचालित हुआ।

सुबह 8 बजे जैसे ही मतदान ~~शुरू हुआ, वैसे ही मतदाताओं की~~ लंबी कतार मतदान केंद्रों पर देखने को मिली। पहले घंटे में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे मतदाताओं की भीड़ बढ़ती गई। नगर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ मतदान किया। खासकर महिलाओं और युवाओं में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। नगर के कुल 9915 मतदाताओं में से कुल 8287 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग। कुल मतदाल 82.58 प्रतिशत रहा।

### • सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

चुनाव को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही सतर्क था। मतदान के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### • युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

चुनाव में युवा मतदाताओं ने विशेष रुचि दिखाई और बड़ी संख्या में मतदान किया। पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर उनकी लंबी कतारें यह दर्शा रही थीं कि अब युवा भी अपने नगर के विकास के लिए जागरूक हो रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कई महिलाओं ने पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया और लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

### • चुनाव परिणाम को लेकर कयासों का दौर शुरू

मतदान सम्पन्न होते ही अब नगर में चुनाव परिणामों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। मतदाता अपनी-अपनी पसंद के उम्मीदवार की जीत को लेकर कयास लगा रहे हैं। नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की सीट के लिए भाजपा के बलजीत छाबड़ा और कांग्रेस के पेमन स्वर्णबेर के बीच सीधा मुकाबला है। अब सभी की निगाहें 15 फरवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी है।

### • नगर की जनता ने लोकतंत्र के प्रति दिखाई निष्ठा

नगर पंचायत नगरी में सम्पन्न हुए इस चुनाव ने यह साबित कर दिया कि जनता अब लोकतंत्र के प्रति अधिक जागरूक हो रही है। भारी संख्या में मतदान कर नागरिकों ने यह संदेश दिया कि वे अपने नगर के विकास के लिए सही नेतृत्व चुनने के प्रति गंभीर हैं। नगर पंचायत चुनाव के सफल आयोजन के लिए प्रशासन, चुनाव आयोग, पुलिस बल एवं समस्त मतदान कर्मियों को श्रेय जाता है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराया। अब नगर पंचायत नगरी की जनता को अपने नगर के लिए नया नेतृत्व मिलने का इंतजार है, जो आने वाले वर्षों में नगर के विकास की दिशा तय करेगा।



### दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की भी रही विशेष भागीदारी

इस चुनाव में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी पूरे जोश के साथ मतदान किया। प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। बुजुर्ग मतदाताओं ने चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनने का कार्य किया। वहीं दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे वे भी बिना किसी कठिनाई के अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

**वार्डवार मतदाताओं की संख्या**

मतदान वार्ड क्रमांक 01, 642 वोटर 782, वार्ड क्रमांक 02, 603 वोटर 735, वार्ड क्रमांक 03 485 वोट 579, वार्ड क्रमांक 04 534 वोट,635, वार्ड क्रमांक 05 557 वोट 686, वार्ड क्रमांक 06 579 वोट 682, वार्ड क्रमांक 07 527 वोट 677, वार्ड क्रमांक 08 407 वोट 496, वार्ड क्रमांक 09 529 वोट 610, वार्ड क्रमांक 10 515 वोट 636, वार्ड क्रमांक 11 440 वोट 534, वार्ड क्रमांक 12 542 वोट 711, वार्ड क्रमांक 13 626 वोट 722, वार्ड क्रमांक 14 644 वोट 718, वार्ड क्रमांक 15 657 वोट 713 शामिल हैं।

# नगरीय निकाय चुनाव : 4 अध्यक्ष व 37 पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद











**नगर की सरकार चुनने कुरुद के 82.66 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

शहरी सत्ता के लिए भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम मशीन में कैद हो गया। शहरी सत्ता के लिए मंगलवार सुबह 8 बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम 5 बजे तक चला। यहां के 82.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमे 83.37 प्रतिशत पुरुष व 81. 99 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान शांतिपूर्ण रहा। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

गौरतलब है कि नगर पंचायत कुरुद के मतदाताओं ने नगर सरकार चुनने यहां के मतदाताओं ने सातवीं बार मतदान किया। जिसमें आधी आबादी का दखल रखने वाली महिला मतदाता भी लोकतंत्र के इस त्यौहार में उत्साह दिखाकर सुबह से ही मतदान करने बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंची।

कुरुद में चार बार भाजपा व दो बार कांग्रेस ने राज किया है। भाजपा ने सत्ता हथियाने तो कांग्रेस ने सत्ता में पुनः वापसी के लिए खूब जोर आजमाइश की थी। मतदान के पूर्व की रात प्रत्याशियों के लिए कयामत की रात थी। मतदाताओं को लुभाने का यह अंतिम अवसर था और अधिकांश प्रत्याशियों ने इस अवसर को हाथ से जाने नहीं दिया।

### 15 को पता चलेगा साम दाम दंड भेद कितना कारगर हुआ

यहां अध्यक्ष के लिए भाजपा, कांग्रेस, आप के साथ एक निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में डटे थे। वहीं 15 वार्डों में पार्षद बनने कांग्रेस-भाजपा के साथ सात निर्दलीय प्रत्याशी मिलाकर कुल 37 लोग चुनाव लड़े हैं। सोमवार की रात शहर के सक्षम वार्डों में सभी दलों के प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पाले में लाने साम दाम दंड भेद का उपयोग किया। जिसके चलते प्रत्याशियों व्द्वारा मतदाताओं को लुभाने लगभग सभी वार्डों में आकर्षक सामग्रियां भी बांटी गई है। देखना यह है कि जनता जनार्दन को ये चीजें कितनी प्रभावित की होगी और प्रत्याशियों को इसका कितना लाभ होता है। ईव्हीएम अब 15 फरवरी को खुलेगी। मतगणना के बाद ही पता चलेगा कि नगर के मतदाताओं ने किस दल या उम्मीदवार को योग्य समझा है।

### वार्ड क्र. 02 में सर्वाधिक 91.80 व 15 में सबसे कम 71.08 प्रतिशत वोटिंग

नपं कुरुद के कुल 11255 में से 9303 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 4770 महिला एवं 4533 पुरुष मतदाता शामिल हैं। वार्ड क्रमांक 1 में 408, वार्ड क्र. 2 में 593, वार्ड क्र. 3 में 545, वार्ड क्र. 4 में 510, वार्ड क्र. 5 में 642,वार्ड क्र. 6 में 708, वार्ड क्र. 7 में 617, वार्ड क्र. 8 में 586, वार्ड क्र. 9 में 538, वार्ड क्र. 10 में 755, वार्ड क्र. 11 में 975, वार्ड क्र. 12 में 456, वार्ड क्र. 13 में 315, वार्ड क्र. 14 में 979 एवं वार्ड क्र. 15 में 671 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के यज्ञ में अपनी आहुति डाली। सर्वाधिक मतदान वार्ड क्रमांक वीर नारायण सिंह वार्ड क्र. 02 में 91.80 प्रतिशत व सबसे कम मतदान वंदेमातरम वार्ड क्र. 15 में 71.08 प्रतिशत हुआ है।

# नगर अध्यक्ष व पार्षद चुनने मतदाताओं में दिखा उत्साह



- शाम 5 बजे तक 89 .43 प्रतिशत हुआ मतदान
- 15 मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी रही

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में नगर अध्यक्ष व पार्षद चुनने मतदाताओं में काफी उत्साह रहा। नगर अध्यक्ष व पार्षद का चुनाव ईवीएम मशीन से हुआ। 11 फरवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे से ही मतदाताओं ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगर पंचायत चुनाव के लिए 15 पोलिंग बूथ बनाए गए थे।

पोलिंग बूथ के बाहर प्रत्याशियों की भीड़ रही। प्रत्याशी अपने मतदाताओं को चारपहिया वाहन में लाने में लगे रहे। नगरीय निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग के लगभग 85 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। पोलिंग बूथ में स्काउट गाइड, रेडक्रॉस वालेंटियर्स मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को सहयोग देने में लगे रहे। डीएसपी मोनिका मरावी, टीआई राजेश जगत सहित 44 पुलिसकर्मियों की मतदान केन्द्रों में ड्यूटी लगाई गई।

टीआई के नेतृत्व में चार पेट्रोलिंग वाहन नगर में भ्रमण करते रहे। राजस्व विभाग के 9 कोटवार की भी ड्यूटी लगी थी। नगर पंचायत के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगी। शासकीय बालक शाला मगरलोड को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। रिटर्निंग अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम, सीएमओ अशोक कुमार चौहान ने मतदान केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया।

# कविता को क्षेत्र में मिल रहा व्यापक जनसमर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी कविता योगेश बाबर को लोगों का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। विकास कार्यों की बदौलत कविता को लोग जिम्मेदारी सौंपने आगे आ रहे हैं। मंगलवार को चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ ग्राम धौराभाठा, रावणगुड़ा, मोखा, बागतराई, मड़ईभाठा जैसे दर्जनों गांव में जनसंपर्क कर आम जनता का अभिवादन किया। गांवों में जाकर सभाएं लीं। घर-घर जाकर लोगों से मिली।

जनता की समस्याएं सुन समाधान का आश्वासन दिया। कविता ने युवा, बुजुर्ग, महिलाओं से जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्रथम प्राथमिकता है। जनता की सेवा करने वह चुनावी मैदान में हैं। आगे कहा कि उन्होंने पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहते हुए क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कार्य करवाए हैं, जिसे जनता ने देखा है।

# फरसियां में भाजपा प्रत्याशी अरुण ने किया जनसंपर्क

- केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों से ग्रामीणों को कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत ग्राम फरसियां में व्यापक जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान कर सरकार की विकास योजनाओं को गति देने की अपील की।

### गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का संकल्प

जनसंपर्क के दौरान अरुण सार्वा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं लागू की हैं और उनका सीधा लाभ गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीबों को पक्का मकान मिला है। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायतों को और अधिक सशक्त किया जाएगा। सड़कों और पेयजल सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। ग्रामीणों को स्वरोजगार के अधिक अवसर दिए जाएंगे।

### भाजपा समर्थकों और ग्रामीणों का उमड़ा जनसैलाब

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में ग्राम फरसियां में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# धमतरी में भाजपा की जीत होगी : पं राजेश शर्मा



**धमतरी।** नगर निगम चुनाव के लिए 11 फरवरी को सुबह से शाम तक मतदान हुआ। सभी 40 वार्डों में महिला, पुरुष, युवाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस बीच बूथों से लेकर चाय की चौपालों तक जीत हार के दावे चलते रहे। धमतरी के समाजसेवी और भाजपा नेता पं राजेश शर्मा भी लगातार सक्रिय रहे। लगातार सभी 40 वार्डों का दौरा करते रहे और हर एक मतदाता से वोट जरूर देने की अपील करते रहे। पं. राजेश शर्मा ने कहा कि मतदाताओं के उत्साह को देखते हुए लगता है कि भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त मतदान हुआ है। जीत का माहौल बन रहा है। कांग्रेस निगम से साफ हो जाएगी। अब धमतरी में जो विकास होगा वो कांग्रेस मुक्त और भाजपा युक्त होगा।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

=KPS Now in DHAMTARI
KRISHNA PUBLIC SCHOOL DHAMTARI
SESSION 2025-26
FREE ADMISSION
FIRST 100 STUDENTS
Play Group Nursery to Class IV
भाई-बहन की मासिक फीस में 50% Discount
LEARN WITH FUN...
खेल-खेल में सीखें ...
88788-86899, 94241-19112
GALI NO. 4, JAL VIHAR COLONY RUDRI ROAD, DHAMTARI
RECRUITMENT
KRISHNA PUBLIC SCHOOL (KPS) DHAMTARI
GALI NO. 04, JALVIHAR COLONY, RUDRI, DHAMTARI
- HEAD MISTRESS
- PPRT
- PRT
- OFFICE STAFF
- RECEPTIONIST
- COMPUTER OPERATOR
- MUSIC/ DANCE /DRAWING/ ART AND CRAFT TEACHER
(FLUENCY IN ENGLISH IS MUST)
ADMISSION OPEN FOR PRE-NURSERY TO CLASS IV.
Email - kpsdhamtari@gmail.com
8878-8868-99
9424-119-112

# कर्णेश्वर मेला महोत्सव-2025

## देऊरपारा (सिहावा)

## में आप सभी श्रद्धालुओं का

## हार्दिक अभिनंदन.. स्वागत



### माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रति वर्ष आयोजित होता है पांच दिवसीय मेला

सिहावा के श्रृंगी ऋषि पर्वत के नीचे महानदी के तट पर छिपलीपारा देऊरपारा कर्णेश्वर धाम महानदी और बालका नदी का संगम है। माघ पूर्णिमा के अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाते हैं। कर्णेश्वर धाम में एक प्राचीन अमृत कुंड है। किवदंती के अनुसार इस कुंड के जल में स्नान करने और वहां के मिट्टी को लेप करने से कोढ़ जैसे असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं। इस स्थल पर आयोजित पांच दिवसीय मेले में अनेक देवी देवताओं सहित देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्धालुओं का होता है आगमन।

### कर्णेश्वर महादेव मंदिर की ये है कहानी

पुरातत्व वक्ताओं के शोध और कर्णेश्वर महादेव मंदिर में शिलालेख के अनुसार सोमवंशी राजाओं के पूर्वज जगन्नाथ पुरी उड़ीसा के मूल निवासी थे। सिहावा दर्शन नामक बुक में उल्लेख के अनुसार बताया गया है कि, सन 1130 में राज्य विस्तार में राजासिंह राज नगरी आए। उनके बेटे बाघराज सन 1150 से 1170 और बाघराज के बेटे भोपा देव 1170 से 1190 और भोपदेव के बेटे राजा कर्णदेव हुए। सोमवंशी राजा कर्णदेव अपने वंश की कृति को अमर रखने के लिए कर्णेश्वर देव हद में छह मंदिर का निर्माण कराया जिसमें एक अपने भाई कृष्ण राज के नाम पर और दूसरा मंदिर अपनी पत्नी भोपाल देवी के नाम पर बनवाया।

### महादेव का ही दूसरा नाम कर्णेश्वर


शिलालेख के अनुसार, राजा करण राज ने त्रिनेत्र धारी भगवान शिव की आराधना कर प्रतिष्ठित किया। सोमवंशी राजा धर्मनिष्ठ और भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। राजा कर्णदेव ने ही मंदिर का निर्माण करवाया और उस मन्दिर में शिव लिंग स्थापित की। इस कारण भी इस स्थान को कर्णेश्वर कहा जाता है जिसे लोग आज कर्णेश्वर धाम देवुर पारा सिहावा के नाम से जानते हैं।

### महानदी के त्रिवेणी संगम में स्नान का बड़ा महत्व

कर्णेश्वर मंदिर के पास ही महानदी का संगम स्थल है। जिसे लोग त्रिवेणी संगम मानते हैं और माघ पूर्णिमा के दिन हजारों साधु-संतों के साथ लाखों श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करते हैं। महानदी के उद्गम कथा में प्रबुद्ध जनों के अलग-अलग मत हैं। जिनमें से एक मत यह है कि, महानदी, महर्षि श्रृंगी ऋषि के कमंडल से निकलकर फरसिया ग्राम के जंगल तक गई और श्रृंगी ऋषि के आह्वान पर पुन: वापस होकर दक्षिण-पश्चिम होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गई



**मा. विष्णुदेव साय**
मुख्यमंत्री



**मा. भोजराज नाग**
सांसद



**मा.अंबिका मरकाम**
संरक्षक



**कैलाश पवार**
संरक्षक



**रामप्रसाद मरकाम**
उपाध्यक्ष



**ललित शर्मा**
सचिव



**निकेश ठाकुर**
कोषाध्यक्ष



**रामभरोसा साहू**
सहसचिव



**विकल गुप्ता**
ट्रस्ट अध्यक्ष

सदस्यगण:-शिव परिहार, नागेन्द्र शुक्ला, कलम सिंह पवार, कैलाश प्रजापति, रवि दुबे, रवि ठाकुर, पवन भट्ट, नंद नाग, नोहर साहू, के. एस. श्रीमाली, आनंद अवस्थी, रामलाल नेताम, छवि ठाकुर, अमरसिंह पटेल, प्रकाश बैस, कमलेश मिश्रा, अंजीर निषाद, कमल डागा, प्रताप सुरेशा, दीपक यदु, उत्तम साहू, गगन नाहटा, पंकज ध्रुव, प्रकाश सार्वा, मोहन पुजारी, भरत निर्मलकर, हनी कश्यप, योगेश साहू, सचिन भंसली, महेन्द्र कौशल, राकेश चौबे, रूद्र प्रताप नाग, मोहन नाहटा, प्रवीण गुप्ता, मिलेश्वर साहू, ललित निर्मलकर, पेमेन स्वर्णबेर, ईश्वर जांगड़े, मनोहर मानिकपुरी, किशन गजेन्द्र, रामगोपाल साहू, पी. के. राजन, प्रेसजीत छाबड़ा, महेन्द्र धेनुसेवक, दुर्गेश कश्यप, हृदय साहू, राजेश कोर्गम, सुकमन साहू, मनोज गुप्ता, मदन साहू, अकवर कश्यप, मुकेश बघेल, कुलदीप साहू, उमाशंकर जांगड़े, दिनेश तिवारी, लखन लाल ध्रुव, अमृत नाग, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, भानु साहू, सुनील निर्मलकर, नंद यादव, प्रदीप जैन, अश्विनी निषाद, अनिरूद्ध साहू, खम्मन आडित, हरीश यादव, राजू सोम, होरीलाल पटेल, रवि भट्ट, के.आर. बोरझरिया, रामलाल श्रीमाली, आलोक सिन्हा, डोमार मिश्रा, देवेन्द्र साहू, हेमंत पुरी गोस्वामी, प्रीतम गिरी, सचिन ठाकुर, रंजना सूर्यवंशी, कौशल साहू, निखिल साहू, टेश्वर ध्रुव, नरसिंग मरकाम, तेजनाथ साहू, दुर्गेश साहू, शारदा ध्रुव.

### - कार्यक्रम विवरण -

**11 फरवरी**
पण्डवानी पूर्णिमा साहू गरियाबंद

**12 फरवरी**
रंग सागर नाचा परखनंदा

**13 फरवरी**
लहर गंगा पुराणिक साहू अर्जुन्दा

**14 फरवरी**
राज्य स्तरीय डान्स प्रतियोगिता

**15 फरवरी**
सुरबहिया छतीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी

संकलनकर्ता :
**सर्व वर्ग हिताय ग्रुप**
**न्यूज एंड एड एजेंसी नगरी**
- समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
8359962777 / 7581801429



**गोपी कश्यप**
नगरी तहसील प्रमुख
हरिभूमि एवं आईएनएच



**कुलदीप साहू**
प्रभारी, नगरी क्षेत्र



**जितेन्द्र मंडावी**
प्रभारी, दुगली क्षेत्र



**अंगेश हिरवानी**
प्रभारी, आईएनएच



**राजू पटेल**
प्रभारी, घटुला क्षेत्र

## विनीत - कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, देऊरपारा (सिहावा)